e-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 संख्या : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) बांका– 31/2022 1244 पटना, दिनांक 13.6.24

कार्यालय आदेश

श्री भारतेन्दु कुमार, संविदा समाप्त विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा श्री संदीप कन्हैया, विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी के विरूद्ध शिविर कार्यालय में अभद्र भाषा का प्रयोग करने तथा रिश्वत मांगने संबंधी शिकायत/आवेदन निदेशालय को समर्पित किया गया है।

प्राप्त शिकायत के आलोक में श्री संदीप कन्हैया, विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी से इस कार्यालय के पत्रांक 513 दिनांक 25.01.2024 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग किया गया। श्री कन्हैया द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। प्राप्त स्पष्टीकरण पर इस कार्यालय के पत्रांक 1499 दिनांक 20.03.2024 द्वारा बन्दोबस्त पदाधिकारी, बांका से जांच प्रतिवेदन की मांग की गयी है।

बन्दोबस्त कार्यालय, बांका के द्वारा अपने पत्रांक 532 दिनांक 21.05.2024 के माध्यम से जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। जाँच प्रतिवेदन में उनके द्वारा श्री कन्हैया के विरूद्ध समर्पित शिकायत के संदर्भ में अंकित किया गया है कि अमीनों के लिखित बयान/अन्य किसी शिविर से ऐसी शिकायत उनके विरूद्ध प्राप्त नहीं है। साथ ही चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त करने का मंतव्य/अनुशंसा की गई है।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में श्री संदीप कन्हैया (Emp Id : ASO000139) विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी को चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

ह0/- 13.6.24
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) बांका– 31/2022 1244.0.. **पटना, दिनांक** 13.6.24

प्रतिलिपि : श्री संदीप कन्हैया, विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) बांका– 31/2022 1244.0..... **पटना, दिनांक** 13.6.24

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बाँका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) बांका– 31/2022 1244.0. **पटना, दिनांक** 13.6.24

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत संधारित श्री कुमार की व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Satish-2024\Bablu Sir\Order\31-2022-10-06-2024.docx